राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

## दोनों हाथ गंवा चुके भूपेन्द्र को कृत्रिम हाथ के लिए मिलेंगे 2 लाख रुपए

## राज्यपाल ने विवेकाधीन कोटे से राशि स्वीकृत करने के दिए आदेश

जयपुर, 26 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने दुर्घटना में दोनों हाथ गंवा चुके बरखेड़ा (करौली) निवासी भूपेन्द्र मीना को कृत्रिम हाथ के लिए विवेकाधीन कोटे से दो लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है।

उल्लेखनीय है कि बस की टक्कर से हुई दुर्घटना में भूपेन्द्र मीना के दोनों हाथ नहीं रहे थे। युवक शारीरिक रूप से लाचार होने के कारण पूरी तरह अपने वृद्ध मां—बाप पर निर्भर है। युवक ने अपनी परिस्थिति बताते हुए राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के समक्ष सहायता के लिए आवेदन किया था।

राज्यपाल श्री मिश्र ने भूपेन्द्र मीना के आवेदन पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए तत्काल उसके बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए और उसे कृत्रिम हाथों के लिए दो लाख रुपए की सहायता प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की।

———